जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का हुआ युक्तियुक्तकरण

❒ 11 नए मतदान केन्द्र बने, 25 का स्थल परिवर्तन के साथ 38 का हुआ भवन परिवर्तन

❒ मतदान केन्द्र के 23 भवन का नाम परिवर्तन, 1 का हुआ अनुभाग परिवर्तन एवं 4 अनुभाग के नामकरण में हुआ परिवर्तन

रायगढ़। रायगढ़ जिले के 04 विधानसभा क्षेत्र मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहमति एवं स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसके तहत जिले में कुल 11 नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। इसी तरह 25 स्थल परिवर्तन, 38 भवन परिवर्तन, 23 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन, 01 अनुभाग परिवर्तन एवं 4 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन हुआ है।

जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 2 नये मतदान केन्द्र, 3 स्थल परिवर्तन, 11 भवन परिवर्तन एवं 4 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन हुआ है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 8 स्थल परिवर्तन, 7 भवन परिवर्तन एवं 4 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन हुआ है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 10 स्थल परिवर्तन, 9 भवन परिवर्तन एवं 9 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 9 नये मतदान केन्द्र, 4 स्थल परिवर्तन, 11 भवन परिवर्तन, 6 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन, 01 अनुभाग परिवर्तन एवं 4 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है।

जिसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा में 282 मतदान केन्द्र, 16-रायगढ़ में 292 मतदान केन्द्र (रायगढ़ जिला में 233 एवं सारंगढ़ जिला में 59), 18-खरसिया में 289 एवं 19-धरमजयगढ़ के 281 मतदान केन्द्र हो गये हैं।

नये मतदान केन्द्र- विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा अंतर्गत बनाये गये 2 नये मतदान केन्द्रों में मतदान केन्द्र क्रमांक-87-प्रा.शा.बसंतपुर एवं 201-तराईमाल-2 हायर सेकण्डरी स्कूल तराईमाल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 9 नये मतदान केन्द्रों में मतदान केन्द्र क्रमांक 2-छुहीपहाड़-आंगनबाडी केन्द्र छुहीपहाड़, 20 बरघाट-आंगनबाडी भवन बरघाट (पुसउडेरा), 108- धरमजयगढ़ 14 प्रा.शा.तेन्दूमार, 113- गनपतपुर 2 प्रा.शा. गेल्हापानी, 145-प्रा.शा.बागडाही, 151-प्रा.शा. मदनपुर, 153- प्रा.शा. सुपकोना, 191-आंगनबाडी केन्द्र गेरवानी एवं 216-भलमुड़ी प्रा.शा.भलमुड़ी है।

अनुभाग परिवर्तन- विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 1 मतदान केन्द्र जहां अनुभाग को शिफ्ट किया गया है इनमें मतदान केन्द्र का नाम-190-धसकामुड़ा अनुभाग का नाम 10. भुण्डीबहरी बैगामोहल्ला तथा 11. भुण्डीबहरी पटेल मोहल्ला का मतदान केन्द्र 192-पोड़ीछाल में शिफ्ट किया गया है।

अनुभाग का नाम परिवर्तन- विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 4 अनुभाग के नाम परिवर्तन किया गया है। इनमें मतदान केन्द्र का नाम-98-धरमजयगढ़ 6 अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ मैदान रोड़ परिवर्तित अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ सिविल लाईन, धरमजयगढ़ बी.ई.ओ. ऑफिस गली परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ गायत्री मंदिर रोड़ किया गया है। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक-99- धरमजयगढ़ 7 अंतर्गत अनुभाग धरमजयगढ़ गायत्री मंदिर से परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ पोस्ट ऑफिसपारा 1, अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ सिविल लाइन से परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ पोस्ट ऑफिसपारा 2, अनुभाग का नाम धरमजयगढ़ बी.टी.आई. परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ पोस्ट ऑफिस पारा 3, अनुभाग का नाम-4. धरमजयगढ़ पोस्ट ऑफिसपारा परिवर्तित अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ पोस्ट ऑफिसपारा 4, अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ मंस्जिदपारा परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ मंस्जिदपारा 1 एवं अनुभाग का नाम-6.धरमजयगढ़ मुसलमान मोहल्ला से परिवर्तित अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ मस्जिद पारा 2 किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 103-धरमजयगढ़ 11 अनुभाग का नाम धरमजयगढ़ खरसिया रोड़ परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ सिविल लाइन, अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ सिविल लाइन से परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ पावर हाउस तथा अनुभाग का नाम- धरमजयगढ़ मेडरमार परिवर्तित अनुभाग का नाम-धरमजयगढ़ पटेलपारा है। मतदान केन्द्र क्रमांक-225-नवापारा 2 अनुभाग का नाम-गड़ाईनबहरी स्कूलपारा से परिवर्तित अनुभाग का नाम-नवापारा कालोनी वार्ड नं. 01, अनुभाग का नाम-गड़ाईनबहरी कालोनी अस्पताल पारा परिवर्तित अनुभाग का नाम-नवापारा कालोनी वार्ड नं. 02, अनुभाग का नाम-गड़ाईनबहरी सरकारी स्कूलपारा परिवर्तित अनुभाग का नाम-नवापारा कालोनी वार्ड नं. 03, अनुभाग का नाम-गड़ाईनबहरी आंगन बाड़ी पारा परिवर्तित अनुभाग का नाम- गड़ाईनबहरी आंगनबाड़ीपारा तथा अनुभाग का नाम-गड़ाईनबहरी रठिया पारा परिवर्तित अनुभाग का नाम- गड़ाईनबहरी रठियापारा किया गया है।

नवीन मतदान केन्द्र के लिए बीएलओ नियुक्त- विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ अंतर्गत बनाये गये नवीन मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ नियुक्त किए गए है। इनमें नवीन मतदान केन्द्र-छुहीपहाड़ में सहायक शिक्षक ललित कुमार राठिया, बरघाट में रोजगार सहायक मन्नू सिंह सिदार, धरमजयगढ़-14 में सहायक शिक्षक संतोष कुमार राठिया, गनपतपुर-2 में सहायक शिक्षक रूपेश कुमार पैंकरा, बागडाही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी राठिया, मदनपुर में आंगनबाड़ी सहायिका उषा बाई बैंगा, सुपकोना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा राठिया, गेरवानी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा राठिया एवं भलमुड़ी में ग्राम रोजगार सहायक विनिता सिदार शामिल है।

मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कल

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम 02 अगस्त 2023 बुधवार को किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रपत्र-5 में नोटिस जारी करेगा एवं केवल अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में दावा/आपत्तियां प्राप्त करेंगे। इस पुनरीक्षण अवधि के दौरान अगले वर्ष 2024 की तिमाही अर्हता तिथियों के लिये कोई अग्रिम आवेदन प्राप्त नही किया जाएगा। 02 अगस्त 2023 दिन बुधवार को विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत समस्त मतदान केन्द्रों एवं विहित स्थानों में फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली की एक फोटोयुक्त मतदाता सूची की एक-एक प्रति तथा फोटो रहित मतदाता सूची की साफ्ट कापी निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही 02 अगस्त 2023 को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर मतदाता सूची का संबंधित बूथ लेबल अधिकारी द्वारा बूथ लेवल एवं ग्राम स्तर पर निर्वाचक नामावली के सभी भागों का वाचन किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर आने वाले सर्व संबंधित भागों की नामावली का वाचन संबंधित वार्ड /मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर हायर सेकेण्ड्री स्कूल/ महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने एवं पुनरीक्षण संबंधी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

कलमा बैराज में सेल्फी लेना, नहाना और मछली पकड़ना हो सकता है जानलेवा

सारंगढ़-बिलाईगढ़। सेल्फी और नहाने से हो रही घटनाओं के मद्देनजर जल संसाधन विभाग ने आम जनता को सूचित किया है कि जिले में महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 15 अक्टूबर 2023 तक खुले रहेंगे, जिससे बाढ़ में बैराज के नीचे महानदी में जल बहाव की मात्रा अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के ऊपर और नीचे महानदी में मछली पकड़ना, फसल लगाना, सेल्फी लेना एवं नहाना सख्त मना है। यदि सर्वसाधारण या अन्य किसी के द्वारा सूचना का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में होने वाली जनधन की हानि होने पर जल संसाधन विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जिले में आज होगा पौधारोपण महाअभियान

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ी में सभी मतदाताओं को पुकार किया है कि ''आव एकठन पौधा लगाबो, भुइयां के कर्ज चुकाबो''। इसी सिलसिले में जिले के सभी सरकारी संस्थाओं आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कालेजों, कार्यालयों और ग्राम पंचायतों में 1 अगस्त 2023 को ''एक पेड़ एक वोट'' के तर्ज पर पौधारोपण महाअभियान किया जाएगा। इच्छुक लोग अपने नजदीकी वन और उद्यानिकी विभाग के नर्सरी से पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

स्कूल और कॉलेज में हुआ मतदान नारा लेखन प्रतियोगिता

सारंगढ़ बिलाईगढ़। जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरडीह में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में 2 अगस्त को होगी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में 2 अगस्त 2023 को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 2 विधानसभा क्षेत्र, सारंगढ़ के 342 मतदान केंद्र एवं बिलाईगढ़ के 364 मतदान केंद्र के युक्तियुक्तकरण में 15 नये मतदान केंद्र, 2 मतदान केंद्रों के स्थल परिवर्तन, 25 मतदान केंद्रों का भवन परिवर्तन, 11 मतदान केंद्र पर भवन का नाम परिवर्तन, 6 मतदान केंद्रों के अनुभाग परिवर्तन एवं 1 अनुभाग के नाम परिवर्तन के अनुसार प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को भेजे गए थे।

साइकल पंचर कर देने की बात को लेकर पड़ोसी पर टांगी से हमला

❒ अटेम्प्ट टू मर्डर केस में आरोपी गिरफ्तार, तमनार के इंदिरा नगर की घटना

रायगढ़। तमनार के इंदिरा नगर में साइकल मांग कर ले गए पड़ोसी द्वारा वापसी के समय सायकल पंचर लाकर खड़ी कर देने की बात पर आरोपित व्यक्ति ने आक्रोशित होकर झगड़ा विवाद कर पड़ोसी टंगिया उठाकर प्राणघातक वार कर दिया। आहट पीताम्बर साहणी की पत्नी ललिता साहणी द्वारा घटना को लेकर 29 जुलाई को थाना तमनार में रिपोर्ट पंजीबद्ध कर बताई कि दिनांक 29.07.2023 के सुबह पति पीताम्बर गांव के बैगा ऊर्फ सुकदेव सिदार के सायकल को लेकर सोसायटी चावल लेने के लिये गये थे और वापस आकर सुकदेव को सायकल लौटा दिये। दोपहर करीबन 03.00 बजे बैगा ऊर्फ सुकदेव सिदार घर के पास आकर पति पीताम्बर को "सायकल पंचर है बनवा देना या नया ट्यूब देना" कहकर वाद विवाद कर धक्का मुक्की करने लगा , आसपास मौजूद लोग बीच बचाव किये तो चला गया और घर टांगी लेकर आया और पति पीताम्बर की हत्या करने के नियत से धारदार टांगी से सिर पर वार किया जो हटने पर पीताम्बर के पेट में लगा, जिसे देखकर बैगा ऊर्फ सुकदेव टांगी को लेकर भाग गया। तमनार पुलिस ने आरोपित पर हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायम होने के बाद ही आरोपी बैगा ऊर्फ सुकदेव मोहल्ले से भाग गया था। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर तैनात कर रखा रखे थे। आज मुखबीर सूचना पर आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ बैगा पिता चंदन सिंह सिदार उम्र 51 साल इंदिरा नगर तमनार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने पर जेल दाखिल किया गया है।

मवेशियों को क्रूरतापूर्वक खदेड़ते ले जा रहे 4 मवेशी तस्कर गिरफ्तार

❒ गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पर 3 और मवेशी तस्करों के नाम हुए उजागर, जल्द होगी गिरफ्तारी

रायगढ़। जिले के सीमावर्ती जशपुर जिले से होकर झारखंड, ओड़िसा मवेशी तस्करी की सूचनाएं यदाकदा मिलती रही है जिस पर प्रभावी कार्यवाही कर मवेशी तस्करी पर अंकुश लगाने एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिये गये हैं। वहीं जिले के धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना लैलूंगा, धरजयगढ़ और चौकी रैरूमाखुर्द क्षेत्र से मवेशी तस्करी की घटनाओं पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशों पर पशु तस्करी पर कड़ा रूख अख्तियार कर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सतत मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर तैनात कर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में 30 जुलाई के शाम मुखबिर सूचना पर लैलूंगा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी के नेतृत्व में लैलूंगा पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढोरोआमा तालाब खार जंगल में नाकेबंदी कर चार आरोपी - देवगन मरकाम, चनेश सिदार, सोनू सिदार, शिवनाथ राम भुईहर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 107 नग कृषक मवेशी को जप्त किया गया है, पूछताछ पर मवेशी तस्करों ने झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान का मवेशी होना और मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताये हैं। थाना प्रभारी लैलूंगा को सूचना मिली थी कि 4 लड़के मोटरसाइकिल पर कृषक मवेशियों को मारते पीटते क्रूरता पूर्वक जिले का बॉर्डर पार करने की ताक में है , जिस पर पुलिस ने रेड कर पशु तस्करों को पकड़ा, तस्करों से मुक्त कराये गये 107 मवेशियों के दाना पानी की व्यवस्था के लिए लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम बनेकेला गठान में रखवाया गया है। आरोपियों से तस्करी में प्रयुक्त 04 मोटर सायकल की जप्ती कर आरोपियों पर पशुक्रूरता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के अलावा झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान को भी आरोपी बनाया गया है। रेड की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक जय शरण चंद्रा, आरक्षक हिलारियुस तिर्की और राजू तिग्गा प्रमुख रूप से शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपी :-

(1) देवगन मरकाम पिता चनकसाय मरकाम उम्र 32 साल साकिन ग्राम धौरासांड थाना फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.)

(2) चनेस सिदार पिता स्व. गंगा सिदार उम्र 40 साल साकिन ग्राम ग्राम धौरासांड़ थाना फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.)

(3) सोनू सिदार पिता राकेश सिदार उम्र 28 साल साकिन ग्राम धौरासांड थाना फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.)

(4) शिवनाथ राम भुईहर पिता स्व. पुसेराम भुईहर उम्र 23 साल साकिन ग्राम बगियाकानी सिंगीबहार थाना तपकरा जिला जशपुर (छ.ग.)

रायगढ़ रेंज के पहले डीआईजी राम गोपाल गर्ग ने लिया चार्ज

❒ प्रेसवार्ता में मीडिया से साझा किये अपना विजन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव समपन्न कराना होगी प्राथमिकता

❒ सोशल पुलिसिंग, अपराधों की रोकथाम, पुलिसिंग में नवाचार पर की चर्चा

रायगढ़। बीते 27 जुलाई को राज्य शासन द्वारा रेंज आईजीपी के स्थानांतरण तथा नवीन पदस्थापना आदेश के परिपालन में राम गोपाल गर्ग (आईपीएस 2007) ने आज दिनांक 31.07.2023 को रायगढ़ रेंज रायगढ़ के प्रथम डीआईजी का पदभार ग्रहण किया गया। इसके पूर्व गर्ग प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा के पद पर सेवाएं दिया जा रहा था। आज अम्बिकापुर से सड़क मार्ग होते रायगढ़ सर्किट हाउस पहुंचे, जहां सशस्त्र सलामी गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। सर्किट हाउस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार समेत जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा डीआईजी राम गोपाल गर्ग का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। तदुपरांत गर्ग द्वारा शहर के थाना, चौकी का भ्रमण करते हुये पुलिस कार्यालय में जिले के राजपत्रित अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक लेकर परिचय प्राप्त किये, बैठक में अधिकारियों से जिले की भौगोलिक स्थिति व कानून व्यवस्था की जानकारी लेकर दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया साथियों से रूबरू हुये। प्रेसवार्ता में उन्हें अपने कार्य का विजन और प्रथमिकता बताया गया, प्रेसवर्ता में पत्रकारों द्वारा सोशल पुलिसिंग, कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल पूछे गये, वहीं पत्रकारों की ओर से पुलिस कार्यप्रणाली, सोशल पुलिसिंग के कार्यों पर अपने महत्वपूर्ण सुक्षाव अधिकारियों से साझा किया गया। गर्ग ने मीडिया को समाज का प्रतिबिंब बताते हुये पुलिसिंग में उनकी भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने रायगढ़ रेंज की व्यवस्था से पुलिसिंग में कसावट के साथ शिकायतों, अपराधों के निराकरण से निश्चित ही आम लोगों को इसका लाभ मिलेगा बताया गया। प्रेसवर्ता में रायगढ़ पुलिस द्वारा जिले में चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग के कार्य को बेहतर बताते हुये इसे आगे भी चलाया जाना बताया गया तथा अपराधों की रोकथाम और पुलिस प्रणाली में आवश्यक सुधार के लिए अन्य विभागों की तरह पुलिसिंग में भी नवाचार की आवश्यकता बताये और इस पर चर्चा किया गया।

राम गोपाल गर्ग, वर्ष 2007 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं, वे छत्तीसगढ़ के जिला गरियाबंद, कोरिया, बालोद और विशेष सूचना शाखा में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे। साथ ही उन्होंने महामहिम राज्यपाल महोदय के परिसहाय के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2015 से 2022 के बीच गर्ग भारत सरकार के सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे। प्रतिनियुक्ति पश्चात वापस आने के उपरांत वे डीआईजी रेंज राजनांदगांव में अपनी सेवाएं दिए जिसके बाद वे प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा के रूप में सेवाएं दिया जा रहा था, जहां उनका बेहद सफल कार्यकाल रहा। अब वे रायगढ़ रेंज रायगढ़ के प्रथम डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। सौम्य व सरल स्वभाव के पुलिस अधिकारी राम गोपाल गर्ग पुलिसिंग में कठोर निर्णय लेने से नहीं चूकते।

चोरी की लेपटाप के साथ अपचारी बालक और युवक गिरफ्तार

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम टेरम के एक मकान से चोरी हुये लैपटॉप के मामले में आज मुखबीर सूचना पर ग्राम टेरम के शिवम चौहान पिता दिलसाय चौहान उम्र 21 साल तथा आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बालक को पकड़ा गया है। दोनों दो दिन पहले चोरी किये लैपटाप को बिक्री के लिये गांव में ग्राहक खोज रहे थे। लैपटॉप चोरी के संबंध में रिपोर्टकर्ता महेश राम सिदार निवासी टेरम, थाना घरघोडा द्वारा आज थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने अपने निजी काम के लिये डेल कंपनी का लेपटाप वर्ष 2012 में लिया था। दिनांक 28.07.2023 के 11.00 बजे घर को ताला बंद करके दोनों पति पत्नि अपने-अपने स्कूल चले गये थे, शाम को घर वापस आये तो देखे घर का आलमारी में रखे कपडा समान अस्त व्यस्त था और लेपटाप(कीमती 35,000 रूपये) की कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया था । घरघोड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 454,380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 24 घंटे के भीतर माल मुल्जिम की पतासाजी में सफलता मिली है। दोनों आरोपियों शिवम चौहान और विधि के साथ संघर्षरत बालक को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

कलेक्टर जनचौपाल में प्राप्त हुए विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के 96 आवेदन

❒ कलेक्टर सिन्हा के छत्तीसगढ़िया अंदाज से सहज होकर जनसामान्य बता रहे अपनी समस्याएं

❒ कलेक्टर ने बीमा की राशि सरिता को अतिशीघ्र दिलाने एलबीओ को दिए निर्देश

❒ नन्हें तरूण ने सुनाया पहाड़ा, कलेक्टर ने दिया अपना पेन

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की छत्तीसगढ़ी बोली में का होगे दाई, दीदी, सियान जैसे संबोधन के साथ बातचीत का सरल अंदाज जन चौपाल में पहुंचे जन सामान्य को सहज महसूस कराता हैं। यहीं कारण है कि लोग अपनी समस्याओं को सहजता के साथ रख रहें हैं। कलेक्टर सिन्हा भी उनके समस्याओं को सुन त्वरित निराकरण के प्रयास के साथ अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हैं, ताकि जन सामान्य की समस्याओं का अविलंब निराकरण हो सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के जनसामान्य की समस्याओं को सुनने एवं निराकरण के लिए प्रति सोमवार जनचौपाल का आयोजन किया जाता हैं। आज आयोजित जन चौपाल में जब मोदी पारा रायगढ़ निवासी सरिता निषाद अपने दोनों बच्चों के साथ पहुंची तो कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि दीदी का समस्या हे, छत्तीसगढ़ी में बातचीत से सहज होते ही निषाद ने बताया कि उनके पति ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बीमा करवाया था, लेकिन पति के मृत्यु के पश्चात् बीमा की राशि नहीं मिली है। उन्होंने बीमा राशि दिलवाने की मांग हेतु आवेदन दी। कलेक्टर सिन्हा ने एलबीओ को बैंक से बात कर आवेदन के निराकरण का निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन्हें उनके बीमा की रकम मिल जायेगी। इस दौरान उन्होंने बच्चे से बात करते हुए छत्तीसगढ़ी में पूछा कि तोर नाम का हे अऊ कोन से क्लास में पढ़त हस, बच्चे ने बताया मोर नाम तरुण निषाद हे आऊ में चौथीं क्लास में पढ़थो। बच्चे ने कलेक्टर सिन्हा को पहाड़ा सुनाकर बताया जिससे खुश होकर कलेक्टर सिन्हा ने अपना पेन दिया, बच्चों द्वारा पुस्तकों की मांग पर उन्हें पुस्तक भी प्रदान किया।

इसी तरह ग्राम-कलमी के रमेश कुमार साहू प्रसुति योजना का लाभ दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी कंचन देवी का डिलीवरी के उपरांत भगिनी प्रसुति योजना के तहत आवेदन किया था। जबकि आवेदन सही होने पर भी यह लाभ नहीं मिल पाया है। इसी तरह कोसमनारा के तुलेश्वर साहू मजदूरी रकम दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि दिलीप कुमार द्वारा मकान निर्माण कराया गया था। जिसमें मैं और मेरे कई साथी श्रमिक मजदूरी के रूप में कार्य किये थे। काम कराने के बाद दिलीप कुमार द्वारा हमारा बकाया मजदूरी भुगतान को नहीं दे रहा है। कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी रायगढ़ को उक्त आवेदन पर शीघ्र जांच करते हुए योजना का लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। 4-5 माह से निराश्रित पेंशन नहीं मिलने से हो रही परेशानी को लेकर कोतरा रोड रायगढ़ निवासी लक्ष्मीन बाई निषाद आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि निराश्रित पेंशन के अलावा आय को कोई अन्य साधन नहीं है जिसके चलते जीवन-यापन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह कैदीमुड़ा के रसिक लाल सिदार भी निराश्रित पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि जनगणना सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद भी मेरा निराश्रित पेंशन के लिए कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। उम्र दराज होने पर एवं कही दूसरे जगह कार्य नहीं कर पाने के कारण जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग एवं नगर निगम को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराश्रित पेंशन का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480